हरिभूमि

# विंध्य भूमि

5

जबलपुर, शुक्रवार 31 जुलाई 2026

login : www.haribhoomi.com

सतना | छतरपुर | रीवा | सिंगरौली | पन्ना

खबर संक्षेप

## नशा व्यक्ति के साथ-साथ परिवार और पूरे समाज को प्रभावित करता है: सिंह

**चौकी पुलिस ने पैदल मार्च कर नागरिकों को दिलाई नशामुक्ति की शपथ**

**मैहर।** नशा मुक्ति अभियान 2.0 के तहत पुलिस चौकी शारदा धाम द्वारा नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस चौकी प्रभारी रंजीत सिह के नेतृत्व में पुलिस चौकी स्टाफ एवं नागरिकों ने पैदल मार्च निकालकर आमजन को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। पैदल मार्च पुलिस चौकी शारदा धाम से प्रारंभ होकर मां शारदा की प्रथम ड्योढ़ी तक निकाला गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों एवं नागरिकों ने लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया और नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने की अपील की साथ ही उपस्थित नागरिकों को नशे के विरुद्ध शपथ दिलाई। पुलिस चौकी प्रभारी रंजीत सिह ने कहा कि नशा व्यक्ति के साथ-साथ परिवार और पूरे समाज को प्रभावित करता है ऐसे में नशे के खिलाफ जनजागरूकता बेहद जरूरी है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और युवाओं को भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें अभियान का उद्देश्य समाज में नशे के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना और नशामुक्त वातावरण तैयार करना है।

### खाद्य एवं औषधि प्रशासन का शिकंजा

# अमरपाटन में कई मेडिकल स्टोरों पर छापा

सतना/मैहर।

**जिले में सुरक्षित,मानक और गुणवत्तापूर्ण दवाओं की बिक्री सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। कलेक्टर और नियंत्रक (खाद्य एवं औषधि प्रशासन,भोपाल) के निर्देश पर तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मनोज शुक्ला के मार्गदर्शन में गुरुवार को अमरपाटन क्षेत्र के कई मेडिकल स्टोरों पर अचानक सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। औषधि निरीक्षक प्रियंका चौबे की अगुवाई में की गई इस कार्रवाई से दवा कारोबारियों में हड़कंप मच गया। जांच के दौरान मेडिकल स्टोर्स में रखी औषधियों के रख-रखाव (भंडारण),क्रय-विक्रय के रिकॉर्ड और वैधानिक दस्तावेजों की बारकी से पड़ताल की गई।**

### फार्मासिस्ट की गैर-मौजूदगी पर कड़े निर्देश

जांच के दौरान तिवारी मेडिकल स्टोर और सार्थक मेडिकल स्टोर में रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट अनुपस्थित पाए गए। इस पर औषधि निरीक्षक ने सख्त रुख अपनाते हुए फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति में किसी भी प्रकार की शेड्यूल दवाओं और डॉक्टर के पर्चे (प्रिस्क्रिप्शन) पर मिलने वाली औषधियों की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी।

### इन मेडिकल स्टोरों की हुई जांच

अभियान के तहत अमरपाटन क्षेत्र के प्रमुखदवा प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया, जिनमें तिवारी मेडिकल स्टोर, अमित मेडिकल स्टोर,पाण्डेय मेडिकल स्टोर, मातश्री मेडिकल स्टोर, निर्मल मेडिकल स्टोर,पाल



मेडिकल स्टोर,अयोध्या मेडिकल स्टोर और सार्थक मेडिकल स्टोर शामिल हैं।

### नियमों का उल्लंघन करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

औषधि प्रशासन ने सभी दवा विक्रेताओं को स्पष्ट हिदायत दी है कि वे औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम,1940 के नियमों का कड़ाई से पालन करें। सभी क्रय-विक्रय रिकॉर्ड्स को अपडेट रखें। यदि भविष्य में जांच के दौरान कोई भी मेडिकल स्टोर बिना पंजीकृत फार्मासिस्ट के संचालित होता पाया गया या नियमों का उल्लंघन मिला,तो उनका लाइसेंस निरस्त करने सहित सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनस्वास्थ्य की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा और जिले भर में यह निरीक्षण अभियान लगातार जारी रहेगा।

## बिड़ला सीमेंट फैक्ट्री में कर्मचारी की हार्ट अटैक से मौत, परिजनों का गेट पर शव रखकर प्रदर्शन



**सतना।** बिड़ला सीमेंट फैक्ट्री में गुरुवार सुबह ड्यूटी के दौरान 45 वर्षीय कर्मचारी रमाशंकर द्विवेदी की सीने में तेज दर्द के कारण मौके पर ही मौत हो गई। रमाशंकर मैकेनिकल विभाग में नियमित कर्मचारी थे। घटना के बाद प्रबंधन द्वारा शव को सीधे गांव भिजवाए जाने पर परिजन भड़क गए। परिजनों का आरोप है कि फैक्ट्री प्रबंधन ने इस दुखद घटना की न तो सही समय पर जानकारी दी और न ही कोई अधिकारी उनसे मिलने आया। इस उपेक्षा से आक्रोशित परिजनों ने शाम को शव को फैक्ट्री गेट पर रखकर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। परिजनों की मुख्य मांग है कि मृतक के बेटे को अनुकंपा के आधार पर फैक्ट्री में नियमित नौकरी दी जाए। वे प्रबंधन के जिम्मेदार अधिकारियों से सीधे वार्ता की मांग पर अड़े हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही कोलगवां थाना प्रभारी सुदीप सोनी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। हालांकि,परिजन अपनी मांगों को लेकर फैक्ट्री गेट पर जमे हुए हैं और स्थिति को देखते हुए वहां पुलिस बल तैनात किया गया है।

## पेपर लीक को लेकर पानी की टंकी में चढ़े कांग्रेसी कार्यकर्ता

मैहर।

पेपर लीक मामले में गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग को लेकर मैहर में पानी की टंकी पर चढ़े कांग्रेस जिलाध्यक्ष लल्ला शर्मा सहित कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया गया। हाल ही में सामने आए कथित पेपर लीक मामले को लेकर जिला मुख्यालय मैहर में सियासी पारा चढ़ गया है।भर्ती परीक्षाओं में हुई धांधली और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार मोर्चा खोल दिया है। इसी क्रम में आज मैहर में एक बड़ा नाटकीय घटनाक्रम देखने को मिला जब कांग्रेस के जिलाध्यक्ष लल्ला शर्मा अपने दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग को लेकर नगर के मुख्य वाटर वर्क्स परिसर स्थित पानी की




टंकी पर चढ़ गए जिससे मैहर में घंटे भर हाई-वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। बताया जा रहा है कि जिलाध्यक्ष लल्ला शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर मैहर स्थित वाटर वर्क्स पहुंचे और सुरक्षा कर्मियों को चकमा देते हुए लल्ला शर्मा अपने प्रमुख समर्थकों के साथ 80 फीट ऊंची पानी की टंकी पर जा चढ़कर ऊपर से कार्यकर्ताओं के द्वारा सरकार विरोधी नारेबाजी करने लगे और केंद्रीय गृहमंत्री के इस्तीफे व पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करने लगे। जिलाध्यक्ष लल्ला शर्मा ने टंकी के ऊपर से कहा कि देश का युवा दिन-रात मेहनत करके परीक्षा की तैयारी करता है,लेकिन हर बार पेपर लीक माफिया उनके सपनों पर पानी फ़ेर देता है। जब तक केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह इस विफलता की जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा नहीं देते और दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं होती,तब तक मैहर की धरती से हमारा यह आंदोलन जारी रहेगा।

# दिव्यांग पीड़िता से सामूहिक दुष्कर्म के तीन दोषियों को 20-20 वर्ष का सश्रम कारावास

मैहर।

थाना बदेरा क्षेत्र में दिव्यांग युवती से सामूहिक दुष्कर्म के बहुचर्चित मामले में मैहर के तृतीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने तीनों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए प्रत्येक को 20-20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी श्रीराम कोल,सूरज कोल एवं लेदू कोल को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64(2)(k) एवं 70(1) के तहत 20-20 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 5-5 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। वहीं दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम,2016 की धारा 92(d) के तहत प्रत्येक आरोपी को 5-5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1-1 हजार रुपये अर्थदंड की भी सजा सुनाई गई। न्यायालय ने आदेश में कहा कि आरोपियों द्वारा जमा की गई अर्थदंड की राशि अपील अवधि समाप्त होने के बाद पीड़िता को प्रदान की जाएगी। साथ ही पीड़िता की शिक्षा,स्वास्थ्य,पुनर्वास एवं भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पीड़ित प्रतिकर योजना-2018 के अंतर्गत प्रतिकर दिलाने के लिए सचिव,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,सतना को निर्देशित किया गया है।

### 1 जनवरी 2025 की है घटना

अभियोजन के अनुसार 1 जनवरी 2025 की रात दिव्यांग पीड़िता पड़ोस में आयोजित जन्मदिन समारोह से लौटने के बाद शौच के लिए घर से बाहर गई थी।काफी देर तक वापस नहीं आने पर परिजनों ने तलाश की,तो वह पास के एक निर्माणाधीन मकान में अचेत अवस्था में मिली। होश आने पर पीड़िता ने इशारों के माध्यम से बताया कि तीन लोगों ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। अगले दिन परिजनों ने गांव के लोगों की तस्वीरें दिखाईं,जिनमें पीड़िता ने इशारों से श्रीराम कोल,सूरज कोल एवं लेदू कोल की पहचान की। इसके बाद थाना बदेरा में भारतीय न्यायसंहिता एवं दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

### वैज्ञानिक साक्ष्यों से आरोप सिद्ध

विवेचना के दौरान पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलित किए,पीड़िता एवं आरोपियों का चिकित्सीय परीक्षण कराया तथा डीएनए सहित अन्य वैज्ञानिक जांच कराई। जांच पूर्ण होने पर न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया।मामले की विवेचना उपनिरीक्षक मोहिना शर्मा एवं उपनिरीक्षक रामबालक अहिरवार ने की। विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष ने 20 गवाहों के बयान,67 दस्तावेज,13 भौतिक साक्ष्य एवं वैज्ञानिक रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत कीं। शासन की ओर से वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी नरेन्द्र कुमार उपाध्याय ने प्रभावी पैरवी की। सभी साक्ष्यों और वैज्ञानिक प्रमाणों के आधार पर न्यायालय ने तीनों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए कठोर कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई।

## चोरी के शक में युवक को खंभे से बांधकर पीटा, पुलिस जांच शुरू

**सतना।** जिले के चित्रकूट थाना क्षेत्र में मोबाइल चोरी के संदेह में एक युवक को बिजली के खंभे से बांधकर पीटने का मामला सामने आया है। घटना बुधवार देर रात करीब 2 बजे अशोक होटल के सामने की बताई जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक,क्षेत्र में चाय-पान की दुकान चलाने वाली एक महिला ने अपनी दुकान से मोबाइल चोरी होने का आरोप युवक पर लगाया।इसके बाद महिला और उसके साथियों ने युवक को खंभे से बांधकर सार्वजनिक रूप से उसकी पिटाई कर दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। चित्रकूट एसडीओपी राजेश सिंह बंजारे ने स्पष्ट किया कि किसी भी व्यक्ति को कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। यदि किसी पर अपराध का संदेह हो तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी जानी चाहिए। फिलहाल



पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत दर्ज कर ली है और वायरल वीडियो की तकनीकी जांच की जा रही है।पुलिस का कहना है कि जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## लंबित पदोन्नति प्रक्रिया शीघ्र पूण कराने सौंपा गया ज्ञापन



**मैहर।** मध्यप्रदेश शासन के प्रचलित पदोन्नति नियमों के तहत लिपिक संवर्ग की लंबित पदोन्नति प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कराने की मांग को लेकर मध्यप्रदेश लिपिक संघ जिला मैहर ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।संघ पदाधिकारियों ने बताया कि जिला मैहर के गठन के बाद लिपिक संवर्ग के कर्मचारियों की पदोन्नति प्रक्रिया लंबित है,जबकि प्रदेश के अन्य जिलों में विभागीय पदोन्नति समिति(डीपीसी) की बैठक आयोजित कर पात्र कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ दिया जा रहा है। ज्ञापन में कहा गया कि सहायक ग्रेड-2 से सहायक अधीक्षक पद पर पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है,लेकिन सहायक ग्रेड-3 एवं मृत्य पद की पदोन्नति संबंधी कार्यवाही अभी तक लंबित है। इससे पात्र कर्मचारी पदोन्नति के लाभ से वंचित हैं।संघ के अनुसार,इस संबंध में 17 जुलाई 2026को भी आवेदन दिया गया था और शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन मिला था। इसके बावजूद प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ने से कर्मचारियों में असंतोष है। संघ ने कलेक्टर से नियमानुसार जल्द पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण करने की मांग की। ज्ञापन की प्रतिलिपि संभागायुक्त रीवा एवं प्रांतीय अध्यक्ष,मध्यप्रदेश लिपिक संघ भोपाल को भी भेजी गई है।

## कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

**मैहर।** मैहर जिला अंतर्गत जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बरहिया में नगर पालिका परिषद मैहर द्वारा प्रस्तावित कचरा डंपिग ग्राउंड (ट्रेंचिग ग्राउंड) को लेकर ग्राम पंचायत बरहिया सरपंच मंजू जीतेन्द्र बंसल के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने आपत्ति दर्ज कराई है। ग्राम पंचायत की ओर से कलेक्टर मैहर के नाम एसडीएम दिव्या पटेल को ज्ञापन सौंपकर आपत्ति दर्ज करा मामले से अवगत कराया ज्ञापन के माध्यम से मांग की उक्त स्थल को पंचायत क्षेत्र से दूर बनाया जाए। आवेदन में बताया गया है कि ग्राम पंचायत बरहिया पटवारी हल्का नंबर-82,राजस्व निरीक्षक मंडल नादन,जिला मैहर अंतर्गत आने वाली शासकीय भूमि खसरा नंबर 91,94,95/1,95/2 एवं 96 कुल रकबा लगभग 5 एकड़ भूमि नगर पालिका परिषद मैहर द्वारा कचरा प्रबंधन हेतु चिन्हित की गई है। ग्राम पंचायत का कहना है कि यह भूमि आबादी क्षेत्र से लगभग 100 मीटर की दूरी पर स्थित है तथा आसपास ग्रामीणों की बसाहट है। यहां कचरा एकत्रित किए जाने से दुर्गंध,गंदगी और संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बनी रहेगी,जिससे आमजन के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि उक्त भूमि ग्राम पंचायत के प्रबंधन एवं संरक्षण में रही है तथा नगर पालिका द्वारा ग्रामीणों की सहमति के बिना इस स्थान का चयन किया गया है। ज्ञापन सौंपने ये रहें शामिल संतोष प्रजापति उपसरपंच,कल्पना कोल पंच,जितेन्द्र बंसल सरपंच प्रतिनिधि,पुरुषोत्तम कोल,नारेन्द्र बंसल,शिवबदन कोल,नवीन नामदेव,प्रांश परीहा,चुन्नी लाल साकेत,विनीतपाल साकेत,एवं सैकड़ों के तादाद में ग्रामीण महिलाएं,पुरूष शामिल रहे।

**इनका कहना है-**

इस संबंध को लेकर जानकारी मिली है कि बरहिया में प्रस्तावित कचरा डंपिग ग्राउंड अन्यत्र दूसरी जगह शिफ्ट करने को कह दिया गया है।

**-दिव्या पटेल एसडीएम,मैहर**

## सतना में विदेशी कलाकारों के हैरत अंगेज़ कारनामे और मनोरंजन का महासंगम

सतना।

मनोरंजन के शौकीनों के लिए एक शानदार खुशखबरी है। स्थानीय बीटीआई ग्राउंड में 'ग्रेट जेमिनी सर्कस' का शानदार आगाज हो चुका है। सर्कस प्रबंधन के अनुसार,भारत का यह नंबर-1 सर्कस पहली बार विदेशी कलाकारों की मंडली के साथ सतना पहुँचा है,जहाँ देश-विदेश के मंजे हुए कलाकार अपनी कला और हैरत अंगेज़ कारनामों का प्रदर्शन करेंगे। अफ्रीकी व विदेशी कलाकार आकर्षण का केंद्र रहेंगे यहां पर अंतरराष्ट्रीय स्तर के कलाकारों की विशेष प्रस्तुतियाँ होगी। छोटे कद के जोकर बच्चों और बड़ों को हँसा-हँसाकर लोटपोट करेंगे। मौत का कुआँ,मौत के गोले में फर्राटा भरती मोटरसाइकिलों के करतब, हवाई झूला, जिम्नास्टिक और साइकिलिंग के ऐसे नज़ारे जो दर्शकों को दाँतों तले उँगली दबाने पर मजबूर कर देंगे।

### शो का समय:

**सर्कस में रोजाना 3 शो आयोजित किए जाएँगे।**



### सर्कस उद्योग का झलका दर्द, सरकार से लगाई गुहार

सर्कस स्थल पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मैनेजर वीरेंद्र बी.के.खन्ना,वीरेंद्र कुमार गर्ग,नवीन जिंदल और फखरुद्दीन ने इस प्राचीन कला के अस्तित्व पर मंडराते संकट को साझा किया।कहा गया कि बाल श्रम कानूनों के तहत छोटे बच्चों को शामिल नहीं किया जा सकता,जिससे नए आर्टिस्ट तैयार नहीं हो पा रहे हैं। पहले जहाँ देश में 50 से 60 सर्कस चलते थे,वहीं अब मुश्किल से 10 सर्कस ही बचे हैं। प्रबंधकों ने बताया कि एनजीओ द्वारा अक्सर बेवजह बाधाएँ खड़ी की जाती हैं,जबकि सर्कस में जानवरों को चिड़ियाघर से भी बेहतर सुरक्षा और सुविधाएँ दी जाती हैं। सर्कस प्रबंधन ने माँग की है कि कार्यक्रम आयोजनों के लिए अनुमति की प्रक्रिया सरल की जाए। ग्राउंड का किराया कम किया जाए। इस पारंपरिक कला को जीवित रखने और रोजगार बचाने के लिए सरकारी सहायता प्रदान की जाए।

## सड़क सुरक्षा की अनूठी पहल: बिना हेलमेट वालों का कटा चालान, नियम पालकों को मिला सम्मान; युवाओं और कर्मचारियों को बांटे गए हेलमेट





**सतना।** सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति व्यापक जन-जागरूकता लाने के उद्देश्य से कलेक्टोरेट परिसर में एक विशेष अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य ध्येय कलेक्टोरेट आने वाले शासकीय कर्मचारियों और आगंतुकों को दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करना था। अभियान के दौरान नियमों का पालन कराने के साथ-साथ प्रोत्साहन पर भी विशेष जोर दिया गया। कलेक्टोरेट परिसर में बिना हेलमेट पहुंचे कर्मचारियों और आगंतुकों के विरुद्ध नियमानुसार चालानी कार्रवाई की गई। हेलमेट पहनकर आने वाले जिम्मेदार वाहन चालकों को अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया ताकि अन्य लोग भी इनसे प्रेरणा ले सकें।

## बिना आवश्यक अनुमतियों के संचालित एमएमटी हॉस्पिटल की जांच के लिए चार सदस्यीय टीम गठित

मैहर।

राष्ट्रीय राजमार्ग-30 स्थित मैहर-कटनी मार्ग पर संचालित एमएमटी हॉस्पिटल के विरुद्ध लगातार प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने जांच के आदेश जारी किए हैं।

बताया जा रहा है कि कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती बिदिशा मुखर्जी के आदेशानुसार अस्पताल के संबंध में व्यवसायिक भवन अनुज्ञा,फायर सेफ्टी व्यवस्था,समुचित पार्किंग सहित अन्य आवश्यक सुरक्षा मानकों एवं अनिवार्य अनुमतियों के अभाव की शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इन शिकायतों की निष्पक्ष जांच के लिए चार सदस्यीय जांच दल का गठन किया गया है। टीम मेंअनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मैहर श्रीमती दिव्या पटेल,तहसीलदार मैहर-जितेन्द्र कुमार पटेल,प्रभारी सिविल अस्पताल मैहर आर.एन.पाण्डेय,मुख्य नगरपालिका अधिकारी,नगर परिषद मैहर प्रिंस अग्रवाल शामिल है।

## खबर संक्षेप

### अमानगंज की स्वच्छता पहल को मिला प्रदेश स्तर पर सम्मान, SBM Urban MP ने इंस्टाग्राम पर किए पोस्ट और रील रीपोस्ट

**अमानगंज, पन्ना।** नगर परिषद अमानगंज द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत संचालित स्वच्छता गतिविधियों को अब प्रदेश स्तर पर भी पहचान मिलने लगी है। मध्य प्रदेश शासन के स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), मध्य प्रदेश के आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज **@urbansbmmp** ने नगर परिषद अमानगंज के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से साझा की गई कई स्वच्छता संबंधी पोस्ट एवं एक रील को अपने प्लेटफॉर्म पर रीपोस्ट कर प्रोत्साहित किया है।प्रदेश स्तरीय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म द्वारा अमानगंज की स्वच्छता पहलों को साझा किया जाना इस बात का संकेत है कि नगर परिषद द्वारा किए जा रहे जागरूकता अभियान, जनभागीदारी, कचरा पृथक्करण, स्वच्छता संदेश एवं जनहित गतिविधियों को सकारात्मक रूप से देखा जा रहा है।नगर परिषद अमानगंज द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से लगातार स्वच्छता से जुड़े संदेश, अभियान और जनजागरूकता सामग्री साझा की जा रही है। इन्हीं प्रयासों के परिणामस्वरूप प्रदेश के आधिकारिक **SBM Urban MP** इंस्टाग्राम अकाउंट ने एक के बाद एक कई पोस्ट एवं रील को रीपोस्ट कर अमानगंज की पहल को व्यापक मंच प्रदान किया।इस उपलब्धि से नगर परिषद अमानगंज की डिजिटल जनजागरूकता मुहिम को नई पहचान मिली है। स्थानीय नागरिकों ने भी इसे नगर की स्वच्छता के प्रति किए जा रहे सतत प्रयासों का सकारात्मक परिणाम बताया है।"स्वच्छ अमानगंज – स्वस्थ अमानगंज" के संकल्प के साथ नगर परिषद द्वारा भविष्य में भी स्वच्छता जागरूकता अभियान और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित किए जाने की बात कही गई है।

### उधार के 400 रुपये मांगने पर महिला से मारपीट, जान से मारने की धमकी; मामला दर्ज

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुरा बरुवा नरवा में उधार के रुपये मांगने पर एक महिला के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम रामपुरा बरुवा नरवा निवासी जगतरानी आदिवासी (45 वर्ष), पत्नी स्व. श्रीरामलाल आदिवासी ने अपने पुत्र बृजेश आदिवासी के साथ थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। महिला ने बताया कि 30 जुलाई 2026 को दोपहर करीब 12 बजे वह घर के बाहर मिट्टी की छपाई का कार्य कर रही थी। इसी दौरान गांव का राजा आदिवासी, पिता स्व. अच्छेलाल आदिवासी, उसके घर आया। महिला ने बताया कि उसने राजा आदिवासी से पहले दिए गए 400 रुपये उधार वापस मांगे, जिस पर आरोपी गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसका गला पकड़ लिया और उठाकर जमीन पर पटक दिया, जिससे उसके बाएं कंधे में चोट आई। महिला के शोर मचाने पर उसका पुत्र बृजेश आदिवासी तथा गांव का दीपू आदिवासी मौके पर पहुंच गए और बीच-बचाव किया। जाते समय आरोपी ने धमकी दी कि यदि दोबारा पैसे मांगे तो जान से खत्म कर देगा। अमानगंज थाना पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# पीएम श्री हाई स्कूल कुजवन में गुरू पूर्णिमा पखवाड़ा के तहत गतिविधियों का आयोजन 90 प्रतिशत से अधिक परीक्षा परिणाम लाने वाली विद्यालय में दो शिक्षकाओं का सम्मान

**जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में वहीं शासकीय हाई स्कूल कुंजवन के प्राचार्य की मुख्य उपस्थिति में विद्यालय मे गुरूपूर्णिमा पखवाड़ा का आयोजन जो किया गया। जिसमें तरह-तरह से गतिविधियों के साथ वहीं विद्यालय में जिन छात्र-छात्राओं का 90 प्रतिशत से अधिक परीक्षा परिणाम आया जिसको लेकर संबंधित दो शिक्षकाओं का इसी दौरान सम्मान से नवाजा गया।**





**पन्ना।** मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा जहां शिष्य व गुरू की महत्ता को लेकर पहली बार गुरूपूर्णिमा महोत्सव पखवाड़ा के रूप में मनाया गया। पीएम श्री शासकीय हाईस्कूल कुंजवन में जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशन पर जहां विद्यालय में दिनांक 15 जुलाई 2026 से गुरूपूर्णिमा पखवाड़ा को पहले दिन दीपप्रज्जवलित कर मां सरस्वती की बंदना की गई। वहीं 17 जुलाई 2026 को विद्यालय में छात्र-छात्राओ को भाषण तथा कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 18 जुलाई 2026 को जीवन में गुरू विषय पर निबंध छात्र-छात्राओं के द्वारा किस तरह से माना जा रहा है। इसमें निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 20 जुलाई को संस्कृति विषय के श्लोक एवं गुरूबंदना एवं भजन की प्रस्तुति देखते ही बनी। वहीं 21 जुलाई 2026 को विद्यालय में योगा अभ्यास ध्यान एवं स्वास्थ्य जागरूकता संबंधि गतिविधियों को ध्यान में रखकर आयोजन कराया गया। 22 जुलाई कक्षा 9वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियो हेतु कैरियर मार्गदर्शन हेतु प्रेरक ब्ख्यान का आयोजन किया गया। 23 जुलाई को कक्षा 9वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों को संदीपिनी विद्यालय पन्ना का भ्रमण कराया गया। व नवाचार गतिविधियों का औलोकन इतना ही नहीं 24 जुलाई को विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। 25 जुलाई को विद्यालय में पीटीएम बैठक आयोजित कर विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति एवं नैतिक मूल्यों पर चर्चा की गई। 27 जुलाई को स्वच्छता अभियान एवं जागरूकता रैली का आयोजन छात्र-छात्राओं ने जिसमें श्लोगन पोस्टर एवं स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर संदेश दिया गया। वहीं 28 जुलाई को गुरू शिष्य प्रेरणा संवाद का आयोजन तथा गुरू के महत्व अनुशासन, संस्कार, एवं सफलता के मूल्यों के प्रति छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया गया। 29 जुलाई गुरूपूर्णिमा के दिन विद्यालय में गुरूओ के सम्मान समारोह के आयोजन के साथ ही जिला स्तर पर जो आयोजन समारोह हुआ उसमें पीएम श्री हाईस्कूल कुंजवन विद्यालय की दो शिक्षकों को सम्मान से नवाजा भी गया है। जिनके छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक परीक्षा परिणाम लाने में सफलता हांसिल की है। गौरतलब बात यह है कि गुरूपूर्णिमा पखवाड़ा के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य रजा खान जी के मुख्य अतिथ्य में समस्त स्टाफ की भूमिका तथा छात्र-छात्राओ की उपस्थिति में समस्त आयोजन जो किये गये वह छात्र-छात्राओ के लिए प्रेरणादायी संदेश को लेकर माना जा रहा है।

# युवक का आरोप- तत्कालीन थाना प्रभारी ने वीडियो देखने के बाद भी दर्ज कर दिया झूठा मुकदमा

### एसपी से निष्पक्ष जांच की मांग

**अमानगंज।** अमानगंज निवासी सतीश उर्फ गोलू लहगेरे ने पुलिस अधीक्षक पन्ना को आवेदन देकर आरोप लगाया है कि आकाश कोरी को मारपीट से बचाने और बीच-बचाव करने के कारण उनके विरुद्ध थाना अमानगंज में झूठा प्रकरण दर्ज कर दिया गया। उन्होंने पूरे मामले की उच्च अधिकारियों से निष्पक्ष जांच कराने और घटना का वीडियो विवेचना में शामिल करने की मांग की है। आवेदन के अनुसार, 12 जुलाई 2026 की शाम करीब 4रू30 से 5 बजे के बीच फुव्वारा चौक/गांधी चौक स्थित विनय खटीक की दुकान पर उन्होंने देखा कि प्रियंका कोरी, अस्मिता कोरी, सृष्टि कोरी, कमला बाई कोरी और जयप्रकाश कोरी मिलकर आकाश कोरी के साथ मारपीट कर रहे थे। आकाश कोरी के बचाने की गुहार लगाने पर जब उन्होंने बीच-बचाव किया तो उक्त लोग उनके साथ भी मारपीट करने के लिए झपट पड़े, जिससे उनकी शर्ट और बनियान फट गई तथा उन्हें लगभग दो हजार रुपये का नुकसान हुआ।



आवेदन में कहा गया है कि घटना के दौरान मौजूद विनय खटीक, रवि वर्मन, महेश भट्ट सहित अन्य लोगों ने उन्हें छुड़ाया और पूरी घटना देखी। इसके बाद वे थाना अमानगंज शिकायत दर्ज कराने पहुंचे, लेकिन उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। इसके विपरीत, उनके खिलाफ ही झूठा मामला दर्ज कर लिया गया। सतीश लहगेरे ने आवेदन में यह भी आरोप लगाया है कि पूरी घटना का वीडियो रवि वर्मन ने अपने मोबाइल से बनाया था, जिसकी पेन ड्राइव उन्होंने पुलिस अधीक्षक को सौंपी है। उनका कहना है कि तत्कालीन थाना प्रभारी रवि जादौन को भी घटना का वीडियो दिखाया गया था और पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया गया था, लेकिन इसके बावजूद उनके विरुद्ध झूठा प्रकरण दर्ज कर लिया गया। आवेदन में थाना प्रभारी की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा गया है कि यदि प्रत्यक्ष वीडियो साक्ष्य होने के बाद भी निर्दोष व्यक्ति पर मामला दर्ज किया जाता है, तो इससे पुलिस की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न खड़े होते हैं और भविष्य में लोग किसी विवाद में बीच-बचाव करने से भी डरेंगे। आवेदक ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि पूरे मामले की उच्च अधिकारियों से निष्पक्ष जांच कराई जाए, घटना के वीडियो को विवेचना का हिस्सा बनाया जाए तथा उनके विरुद्ध दर्ज कथित झूठे प्रकरण को समाप्त किया जाए। आवेदन की प्रति पुलिस महानिदेशक, भोपाल को भी भेजी गई है।

# नशे से दूरी 2.0 अभियान के समापन पर पुलिस की जागरूकता रैली, अधिकारियों ने की नशा मुक्त समाज बनाने की अपील

**गुन्नौर।** मध्य प्रदेश शासन एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के दिशा-निर्देशन तथा मार्गदर्शन में चलाए जा रहे श्नशे से दूरी 2.0श (नशा मुक्ति अभियान) का 30 तारीख को समापन हो गया। 15 तारीख से शुरू हुआ यह 15 दिसीय विशेष नशा मुक्ति अभियान पुलिस प्रशासन द्वारा आम जनता को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा था। अभियान के समापन दिवस के अवसर पर थाना प्रभारी बलवीर सिंह के द्वारा गुनौर क्षेत्र में एक भव्य पैदल मार्च एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली सिली तिराहे से प्रारंभ होकर थाना परिसर तक निकाली गई, जिसमें पुलिस बल के साथ स्थानीय नागरिकों ने भी भाग लिया। अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी बलवीर सिंह ने बताया कि नशा समाज के लिए एक गंभीर बुराई और अभिशाप बनता जा रहा है। इसका सबसे बुरा और हानिकारक प्रभाव हमारी आने वाली पीढ़ी, बच्चों एवं युवाओं पर पड़ रहा है। नगरवासियों, क्षेत्रवासियों, पन्ना जिले एवं प्रदेश के सभी नागरिकों से हमारा निवेदन है कि वे हर प्रकार के नशे से दूरी बनाकर रखें। एक स्वस्थ और नशा मुक्त समाज का निर्माण करना हम सभी की साझी जिम्मेदारी है। पुलिस अधिकारी ने जानकारी दी कि यदि कोई युवा या नागरिक नशे की लत से ग्रसित है, तो शासन द्वारा जारी नशा मुक्ति हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करके सहायता प्राप्त की जा सकती है। साथ ही, पुलिस प्रशासन ने सख्त चेतावनी दी है कि यदि क्षेत्र में कहीं भी अवैध रूप से नशीले पदार्थों या सामग्री की बिक्री की जा रही है, तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। सूचना मिलने पर दोषियों के खिलाफ तत्काल और सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# 2 अगस्त को गुनौर में किसान क्रांति का शंखनाद ट्रैक्टर रैली और महापंचायत के लिए कांग्रेस ने झोंकी ताकत

### सथनियां और डिघौरा मंडलम के दर्जनों गांवों में घर-घर जाकर दिया न्योता, किसानों में भारी उत्साह



**गुनौर।** किसान विरोधी नीतियों, लगातार बढ़ती महंगाई और स्थानीय समस्याओं के खिलाफ आगामी 2 अगस्त को गुनौर की कृषि उपज मंडी में एक विशाल 'श्ट्रैक्टर रैली व किसान महापंचायतश' का आयोजन होने जा रहा है। जिला किसान कांग्रेस के बैनर तले आयोजित इस बड़े आंदोलन को सफल बनाने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांव-घर जाकर किसानों से सीधा संवाद साधा और हुंकार भरी। सथनियां मंडलम और डिघौरा मंडलम के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्रामों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने किसानों के बीच बैठकर चौपालें सजाईं और उन्हें किसान महापंचायत के मुख्य उद्देश्यों से अवगत कराया। नेताओं ने किसानों से अपील की कि वे अपने-अपने ट्रैक्टरों के साथ भारी संख्या में पहुंचकर इस अधिकार लड़ाई को ताकत प्रदान करें।

### महापंचायत की 5 प्रमुख मांगें, जिन पर सरकार को घेरने की तैयारी-

1. 'खाद-बीज के झंझट से मुक्तिरू' ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की जटिल प्रक्रिया को तुरंत समाप्त किया जाए। 2. '24 घंटे बिजली' खेती-किसानी और सिंचाई के लिए किसानों को बिना रुकावट 24 घंटे बिजली मिले। 3. 'डैच पर 365 दिन खरीदीरू' फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (डैच) या उससे अधिक दर पर साल भर खरीदी सुनिश्चित हो। 4. 'आवारा मवेशियों से सुरक्षारू' खेतों में फसलों के बचाव के लिए शासन स्तर पर तार-जाली (फेन्सिंग) की व्यवस्था की जाए। 5. 'परियोजना पीड़ितों को न्यायरू' केन-बेतवा लिंक परियोजना से विस्थापित किसानों को भूमि व मकान का उचित मुआवजा और पुनर्वास मिले। जनसंपर्क अभियान का नेतृत्व करते हुए कांग्रेस जिला महासचिव 'कुलदीप सिंह डिघौरा' ने कहा कि श्आज किसान हर तरफ से पिस रहा है, उसकी आवाज को दबाया जा रहा है। 2 अगस्त की महापंचायत सरकार की नींद उड़ाने का काम करेगी। इस दौरान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष 'अरुण कुमार गौतम, मीडिया प्रभारी ''उमेश गुप्ता, मंडलम अध्यक्ष ''जीतेंद्र सिंह, ''रिंकू गर्ग, सथनियां मंडलम अध्यक्ष ''सोमेश चौधरी' सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और क्षेत्रीय किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम की रूपरेखा (02 अगस्त 2026, रविवार) विशाल ट्रैक्टर रैली' बाला जी मन्दिर से कृषि उपज मंडी दोपहर 12:00 बजे से 02:00 बजे तक, मंच कार्यक्रम व किसान महापंचायतरू' दोपहर 02:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक स्थान-उप कृषि उपज मंडी, गुनौर (पन्ना) होगा।

### गुरु पूर्णिमा सर्वोच्च सद्गुरु के स्मरण और जीवन परिवर्तन का महापर्व- ब्रह्माकुमारी बहन

# परम सद्गुरु को गिफ्ट नहीं दक्षिणा दी जाती है-बहन जी

**पन्ना।** परम सतगुरु परमात्मा को बुराई रूपी दक्षिणा अर्पित करें, गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष में धर्म गुरुओं एवं शिक्षकों का किया गया सम्मान, हमारे अंदर के अज्ञानता रूपी अंधकार को खत्म करते हैं परम सतगुरु।



ब्रह्माकुमारी विद्यालय में गुरु पूर्णिमा का पर्व सभी भाई बहनों ने बड़े ही उमंग उत्साह से मनाया कार्यक्रम का शुभारंभ शिवपूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया बहन जी ने सभी का सम्मान करते हुए शुभकामना दी , आपने कहा आज का पर्व बड़ा ही पुनीत पर्व है कहते हैं कि गुरु बिना मुक्ति नहीं मिलती गुरु वह जो सत्य का अनुभव करा दे जीवन की निराशा को आशा में बदल दे, गुरु पूर्णिमा हमें यह संकल्प लेने की प्रेरणा देती है कि हमें अपने जीवन में श्रेष्ठ संस्कारों को धारण करना है, प्रतिदिन परमात्मा का स्मरण करें राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास करें तथा प्रेम, सहयोग, सहनशीलता, और निस्वार्थ सेवा के मूल्यों को अपने व्यवहार में उतारें यही सच्ची गुरु दक्षिणा है। गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व मानव जीवन में गुरु के महत्व ज्ञान संस्कार और आत्मिक उत्थान का संदेश देता है इस दिवस का वास्तविक आध्यात्मिक रहस्य वर्तमान समय संगम युग का समय चल रहा,स्वयं निराकार परमपिता परमात्मा शिव सर्वोच्च सतगुरु के रूप में आकर संपूर्ण मानवता को आत्मज्ञान एवं ईश्वरीय ज्ञान और राजयोग( ध्यान) अर्थात ज्ञान की शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। कार्यक्रम में उपस्थित रहे श्री बुद्ध सिंह, गायत्री परिवार से,श्रीमती निशा जैन, प्रभा पटेरिया, शकुंतला बहन,गीता बहन, रवि सक्सेना (पवई) एवं गण मान्य लोग उपस्थित रहे सभी ने अपने अपने विचार रखें एवं संस्कारों को परिवर्तन करने का लिया संकल्प।

# पुलिस की बड़ी सफलता- बैंकों में रैकी कर बड़ी राशि निकालने वाले लोगों का पीछा कर नगदी चोरी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के 02 कुख्यात आरोपी गिरफ्तार

**पन्ना।**

आरोपियो द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, मेन ब्रांच पन्ना से अपने खाते से नगदी निकालकर सेन्ट्रल बैंक जा रहे फरियादी की मोटरसाइकिल की डिग्गी से 2,24,000/- नगदी चोरी की घटना को दिया गया था अन्जाम।

आरोपियों द्वारा पन्ना जिले मे कोतवाली एवं पवई थाना क्षेत्र मे हुई बैग लिफ्टिंग घटना सहित रीवा सीधी दमोह मे हुई बैग चोरी की घटनाओं का किया गया खुलासा। आरोपियो के कब्जे से 30 हजार रुपये नगदी एंव घटना मे प्रयुक्त 02 मोटर सायकिल की गई जप्त।





पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वन्दना सिंह चौहान तथा एस.डी.ओ.पी. पन्ना एस.पी. सिंह बघेल के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस एवं साइबर सेल पन्ना की संयुक्त टीम ने बैंक से बड़ी राशि निकालने वाले लोगों की रैकी कर उनका पीछा करते हुए नगदी चोरी करने वाले अंतरजिला गिरोह के दो शातिर एवं कुख्यात आरोपियों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। आरोपियों को साइबर सेल की तकनीकी सहायता, सीसीटीवी फुटेज के सूक्ष्म विश्लेषण, मुखबिर तंत्र एवं लगातार की गई पतारसी के आधार पर ब्योहारी जिला शहडोल से गिरफ्तार किया गया। दिनांक 19 मई 2026 को फरियादी रामसिपाही पटेल निवासी मोहनपुरवा द्वारा थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उन्होंने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, मेन ब्रांच पन्ना से अपने खाते से 2,24,000/- नगद निकाले थे। उक्त राशि को रूमाल में लपेटकर अपनी मोटरसाइकिल की डिग्गी में रखकर लॉक किया तथा सेंट्रल बैंक के सामने कटरा मोहल्ला स्थित दुकान के बाहर वाहन खड़ा कर बैंक संबंधी कार्य हेतु अंदर चले गए। कुछ समय पश्चात वापस लौटने पर मोटरसाइकिल की डिग्गी खुली मिली तथा उसमें रखी नगदी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी की जा चुकी थी। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली पन्ना में धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता (बी.एन.एस.) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। घटना की गंभीरता एवं वारदात के पेशेवर तरीके को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा तत्काल विशेष टीम का गठन किया गया। विवेचना के दौरान थाना कोतवाली पुलिस एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम ने घटना स्थल एवं उसके आसपास के क्षेत्र का बार-बार निरीक्षण किया तथा बैंक, दुकानों, मुख्य मार्गों एवं विभिन्न प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी कैमरों का सूक्ष्म परीक्षण किया। जांच के दौरान पुलिस टीम द्वारा 500 से अधिक फोटो एवं वीडियो फुटेज का गहन विश्लेषण किया गया। संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की पहचान कर उनके फोटो एवं वीडियो आसपास के जिलों सहित विभिन्न पुलिस इकाईयों के साथ साझा किए गए। साथ ही तकनीकी साक्ष्यों, डिजिटल इनपुट, संदिग्धों की गतिविधियों, पुराने अपराधियों के रिकॉर्ड एवं मुखबिर तंत्र के माध्यम से लगातार जानकारी एकत्रित की जाती रही। लगातार कई दिनों तक की गई मेहनत, तकनीकी विश्लेषण, फील्ड वर्क एवं मुखबिर से प्राप्त सटीक सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने ब्योहारी जिला शहडोल में दबिश देकर दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

### पूछताछ में हुए महत्वपूर्ण खुलासे-

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे 02 अन्य साथियों के साथ मिलकर बैंक परिसर एवं आसपास रैकी कर ऐसे लोगों को चिन्हित करते थे जो बैंक से बड़ी राशि निकालकर बाहर निकलते थे। इसके बाद उनका पीछा करते हुए मौका मिलने पर वाहन की डिग्गी अथवा फरियादी के आसपास से नगदी से भरा बैग चोरी कर फरार हो जाते थे। आरोपियों ने पन्ना जिले में पवई के अपराध क्रमांक 266/25, अप. क्रमांक 531/26 थाना कोतवाली पन्ना के अतिरिक्त दमोह जिले मे अप. क्रमांक 211/25 थाना हटा एवं रीवा जिले में अप. क्रमांक 113/26, 121/26 थाना वैकुण्ठपुर में भी इसी प्रकार की वारदातें करना स्वीकार किया है। मामले मे 02 अन्य आरोपी फरार है जिनकी तलाश जारी है। उनके आपराधिक रिकॉर्ड एवं अन्य लंबित मामलों की जानकारी संबंधित जिलों से प्राप्त की जा रही है।

### जप्त सामग्री-

आरोपियो के कब्जे से पुलिस टीम द्वारा 30 हजार रुपये नगदी एवं घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाकिल क्रमांक डच्53डस्7360 एवं ग्लैमर मोटर क्रमांक डच्1र्8 श्र 0684 कुल कीमती करीबन 02 लाख रुपये की जप्त की गई है।

### सराहनीय योगदान-

उक्त संपूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली निरी. रोहित मिश्रा, प्र.आर. मनीष कश्यप, जीतेन्द्र मिश्रा, आर. अभिषेक यादव, निश्चल सिंह, रामगोपाल शुक्ला एवं सायबर सेल टीम का सराहनीय योगदान रहा।

### गिरफ्तार आरोपी-

1. जित्तू सिंह कंजर उर्फ जीतेन्द्र, पिता जगदीश सिंह कंजर, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम चुवाही थाना मझौली जिला सीधी (म.प्र.), हाल निवासी कुरियान टोला, थाना ब्योहारी जिला शहडोल। 2. लिदहा उर्फ अरुण सिंह कंजर, पिता मानसिंह कंजर, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम चुवाही थाना मझौली जिला सीधी (म.प्र.), हाल निवासी वार्ड क्रमांक-03, वनसुकली चौराहा, थाना ब्योहारी जिला शहडोल।

## खबर संक्षेप

### करेंट की चपेट में आने से किसान की मौत

छतरपुर। ईशानगर थाना क्षेत्र के बिहाटा गांव में गुरुवार सुबह खेत में काम कर रहे एक किसान की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक अपने पीछे पत्नी और तीन बेटों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।जानकारी के अनुसार बिहाटा निवासी 35 वर्षीय रामस्वरूप कुशवाहा गुरुवार सुबह करीब 8 बजे अपने खेत में चारा काट रहे थे। इसी दौरान वे करंट की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही हालत गंभीर हो गई। परिजन तत्काल उन्हें उपचार के लिए ईशानगर शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. जी.के. साहू ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल छतरपुर भेज दिया। किसान की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक के तीनों मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया, जिससे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।घटना के बाद ग्रामीणों ने खेतों में उपयोग होने वाले विद्युत उपकरणों और बिजली लाइनों की नियमित जांच कराने की मांग की है। साथ ही उन्होंने किसानों से बिजली संबंधी कार्यों के दौरान पूरी सावधानी बरतने और सुरक्षा मानकों का पालन करने की अपील की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की दुखद घटनाओं से बचा जा सके।

### जिला अस्पताल की लिफ्ट के बाहर महिला ने जुड़वा बच्चों को दिया जन्म



छतरपुर। जिला अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की एक बार फिर गंभीर लापरवाही सामने आई है। राजनगर थाना क्षेत्र के प्रतापपुरा गांव की एक गर्भवती महिला को समय पर एम्बुलेंस नहीं मिलने के कारण परिजन निजी वाहन से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन यहां भी समय पर डॉक्टर और नर्स उपलब्ध नहीं होने से महिला ने अस्पताल की लिफ्ट के बाहर गैलरी में ही जुड़वा बच्चों को जन्म दे दिया। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई और लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। जानकारी के अनुसार प्रतापपुरा निवासी अरुण यादव की पत्नी को प्रसव पीड़ा शुरू होने पर परिजनों ने एम्बुलेंस बुलाने का प्रयास किया, लेकिन वाहन समय पर नहीं पहुंचा। मजबूरी में परिजन निजी वाहन से महिला को जिला अस्पताल लेकर आए। आरोप है कि अस्पताल पहुंचने के बाद भी डॉक्टर और नर्स समय पर नहीं मिले। परिजन स्टाफ की तलाश में इधर-उधर भटकते रहे, जबकि प्रसूता दर्द से तड़पती रही। इसी दौरान अस्पताल की लिफ्ट के बाहर गैलरी में महिला ने जुड़वा बच्चों को जन्म दे दिया।घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल परिसर में मौजूद परिजनों ने स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर सवाल उठाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों का कहना था कि यदि समय पर चिकित्सा स्टाफ उपलब्ध होता तो महिला को इस तरह खुले स्थान पर प्रसव कराने की नौबत नहीं आती। विरोध बढने के बाद अस्पताल प्रशासन हरकत में आया और प्रसूता सहित दोनों नवजातों को वार्ड में भर्ती कर उपचार शुरू कराया गया।प्रसूता के परिजन रोहित अवस्थी ने बताया कि अस्पताल पहुंचने के बाद उन्होंने कई बार डॉक्टर और नर्स से मदद की गुहार लगाई, लेकिन काफी देर तक कोई भी स्वास्थ्यकर्मी मौके पर नहीं पहुंचा। उनका आरोप है कि अस्पताल की लापरवाही के कारण महिला को गैलरी में ही बच्चों को जन्म देना पड़ा।

## 21 मोटर साइकिलें जब्त, कीमत करीब 12 लाख रुपए, 1 आरोपी की तलाश जारी

# अंतर्राज्यीय बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश, 4 आरोपी गिरफ्तार

छतरपुर।



जिले के लवकुशनगर थाना पुलिस ने अंतर्राज्यीय बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अलग-अलग कंपनियों की 21 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 12 लाख रुपए बताई गई है। मामले में 1 अन्य आरोपी की तलाश की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने बताया कि लवकुशनगर थाना क्षेत्र के ग्राम भैरा निवासी हनुमत सिंह की मोटरसाइकिल चोरी होने पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। बाइक चोरों का सुराग लगाने के लिए पुलिस टीम गठित कर जांच शुरू की गई। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्य जुटाए और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। पुलिस ने क्षेत्र में संदिग्ध लोगों की गतिविधियों की जानकारी जुटाई। संदेह के आधार पर कुछ लोगों से पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने देवीसिंह यादव निवासी भैरा, अस्सू उर्फ शिवराज यादव निवासी भैरा, रविशंकर नागर निवासी देवीखेड़ा थाना लवकुशनगर और गोविंद यादव निवासी नांद थाना राजनगर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर अपाचे, पैशन, एचएफ डीलक्स, सीडी डीलक्स, स्प्लेंडर, प्लेटिना और सीडी डॉन सहित विभिन्न कंपनियों की 21 मोटरसाइकिलें बरामद की गईं।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, हरियाणा सहित अन्य राज्यों से मोटरसाइकिलें चोरी की थीं। बरामद वाहनों के संबंध में संबंधित थानों से जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस के अनुसार मामले में एक अन्य आरोपी बबलू यादव फरार है, जिसकी तलाश जारी है।



## झूठी शिकायतों और तालाब में जहर घोलने का आरोप

### एसपी कार्यालय पहुंचे बगौता मत्स्य समिति के सदस्य, निष्पक्ष जांच की मांग

छतरपुर। मत्स्य सहकारी समिति मर्यादित बगौता के अध्यक्ष अरविंद रैकवार ने समिति के दर्जनों सदस्यों के साथ आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई के संबंध में एक शिकायती आवेदन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से समिति पदाधिकारियों ने गांव के ही पूर्व सरपंच और वर्तमान उपसरपंच पर रंजिशवश झूठी शिकायतें करने तथा तालाब में जहरीली दवा डालकर भारी नुकसान पहुंचाने का गंभीर आरोप लगाया है। समिति अध्यक्ष अरविंद रैकवार ने बताया कि ग्राम बगौता में शासन द्वारा 10 वर्षीय पट्टे पर मिले तालाब में समिति के सदस्य मछली पालन कर अपने-अपने परिवारों का भरण-पोषण करते हैं। आरोप है कि गांव के पूर्व सरपंच सुंदरलाल रैकवार और वर्तमान उपसरपंच अमरनाथ रैकवार द्वारा अरविंद रैकवार, उनके पिता लालचन्द्र रैकवार तथा समिति सदस्य रामकिशन रैकवार के विरुद्ध थाना सिविल लाइन में लगातार मनगढ़ंत एवं फर्जी शिकायतें दर्ज कराई जा रही हैं।
शिकायती पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि रंजिश के चलते पूर्व में उक्त लोगों द्वारा चोरी-छिपे तालाब में जहरीली दवा डाल दी गई थी, जिससे बड़ी मात्रा में मछलियां मर गईं और समिति को भारी आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ा। इस संबंध में पूर्व में भी कलेक्टर एवं सिविल लाइन थाने में शिकायतें की गई थीं, किंतु अब तक मौके की जांच या कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इसके अलावा, शस्त्र को लेकर फैलाई जा रही भ्रामक खबरों पर स्थिति स्पष्ट करते हुए समिति अध्यक्ष ने बताया कि उनके पिता लालचन्द्र रैकवार का 12 बोर एक नली का शस्त्र लाइसेंस युक्त हथियार 05 जून 2026 से बिजावर की दुर्गा गन रिपेयरिंग शॉप में जमा है। साथ ही उनके पिता का 15 मार्च 2026 को ऑपरेशन हुआ था, जिसके चलते वे पूरी तरह से बैड रेस्ट पर हैं। इसके बावजूद उनके खिलाफ भ्रामक आरोप लगाए जा रहे हैं।

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार को कुचला, चालक पकड़ाया

### बिना नंबर प्लेट के दौड़ रहे ट्रैक्टरों पर उठे सवाल, गंभीर घायल जिला अस्पताल में भर्ती

**छतरपुर। शहर के महोबा रोड स्थित गुरुद्वारे के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसकी बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया, लेकिन आसपास मौजूद लोगों ने पीछा कर उसे बस स्टैंड चौराहे पर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।**



जानकारी के अनुसार गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के बरद्वाहा गांव निवासी 32 वर्षीय लोकपाल सिंह घोषी, पिता परशराम घोषी, बाइक से शहर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट के तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रैक्टर चालक की पहचान शहर के पाठापुर रोड निवासी काशीराम यादव के रूप में हुई है। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई, लेकिन घायल को अस्पताल पहुंचाने के लिए कोई आगे नहीं आया। ऐसे में सरबजीत सिंह और उनके साथियों ने एम्बुलेंस का इंतजार किए बिना घायल को अपनी बाइक से जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में लोकपाल सिंह का उपचार जारी है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। सरबजीत सिंह ने बताया कि समय खराब होता देख उन्होंने मानवता का परिचय देते हुए स्वयं घायल को अस्पताल पहुंचाया।

सूचना मिलने पर सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों द्वारा पकड़े गए ट्रैक्टर चालक को हिरासत में लेकर वाहन जब्त कर लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों और चालक की भूमिका की जांच शुरू कर दी है।

इस हादसे के बाद शहर में बिना नंबर प्लेट के संचालित हो रहे ट्रैक्टरों का मुद्दा एक बार फिर चर्चा में आ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बालू और अन्य सामग्री से भरे कई ट्रैक्टर बिना नंबर प्लेट के खुलेआम सड़कों पर दौड़ रहे हैं, लेकिन इनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं होती। लोगों ने ट्रैफिक व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए ऐसे वाहनों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# मांगें पूरी न होने पर 7 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे बस संचालक



### जिला बस ऑपरेटर एसोसिएशन ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

छतरपुर। मध्य प्रदेश के बस संचालकों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं और मांगों का निराकरण न होने पर जिला बस ऑपरेटर एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री, परिवहन मंत्री, परिवहन सचिव और परिवहन आयुक्त के नाम छतरपुर कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपा है। बस ऑपरेटरों ने चेतावनी दी है कि यदि 7 अगस्त तक उनकी 7 सूत्रीय मांगों का निराकरण नहीं किया गया, तो प्रदेश भर के बस संचालक 7 अगस्त 26 की रात्रि 12 बजे से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

एसोसिएशन द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में मध्य प्रदेश राजपत्र दिनांक 07 जुलाई 2026 में प्रकाशित इंदौर संभाग सहित अन्य संभागों के 40 मार्गों का राष्ट्रीयकरण तत्काल रोकने की मांग की गई है। बस ऑपरेटरों का कहना है कि टुकड़ों-टुकड़ों में मार्गों का राष्ट्रीयकरण करने से निजी बस व्यवसाय पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। इसके अलावा, 06 जुलाई 2026 को प्रकाशित उस टेंडर को भी निरस्त करने की मांग की गई है, जिसके जरिए रॉयल्टी और कमीशन लेने की तैयारी की जा रही है। संचालकों ने तर्क दिया है कि जब बस, ड्राइवर, कंडक्टर, डीजल और मेंटेनेंस का सारा खर्च उनका अपना है, तो शासन द्वारा रॉयल्टी या कमीशन लेना सर्वथा अनुचित है।

किराया वृद्धि के मुद्दे पर संघ ने ध्यान आकर्षित कराया कि वर्ष 2021 के बाद से बढ़ता डीजल और महंगाई के अनुपात में किराया नहीं बढ़ाया गया है। 15 जून 2026 को किराया निर्धारण बोर्ड की बैठक में 2.50 पैसे प्रति किलोमीटर किराया बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया था, जिसे तत्काल लागू किया जाए। साथ ही, परिवहन विभाग में पंजीयन के लिए तैयार खड़ी लगभग 1200 नई बसों को मोटरयान अधिनियम की धाराओं के तहत छूट देकर पंजीकृत करने, यात्री बसों की 15 वर्ष की आयु सीमा समाप्त कर पूर्व की तरह फिटनेस वैधता तक संचालन की अनुमति देने और अंतर्राज्यीय परमिटों के नवीनीकरण को नियमनुसार निरंतर जारी रखने की मांग उठाई गई है।



## बछौंन-चंदपुरा सड़क निर्माण पर भ्रष्टाचार के आरोप, घटिया डामर और प्लास्टिक सरिया इस्तेमाल का दावा

छतरपुर। जिले के बछौंन से चंदपुरा तक बन रही करीब 40 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। स्थानीय लोगों ने निर्माण एजेंसी और जिम्मेदार अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा है कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है, जिससे सरकारी राशि का दुरुपयोग हो रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क के डामरीकरण में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। उनका कहना है कि मामूली बारिश होते ही सड़क की डामर की परत उखडने लगी है और नीचे की गिट्टी बाहर निकल रही है, जिससे सड़क की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। लोगों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार हुआ होता तो नई सड़क इतनी जल्दी खराब नहीं होती।

वहीं चंदला कस्बे में सड़क के साथ बनाई जा रही नालियों को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। स्थानीय लोगों का दावा है कि नाली निर्माण में लोहे की सरिया के स्थान पर प्लास्टिक की सरिया का इस्तेमाल किया जा रहा है। उनका कहना है कि इस तरह की सामग्री से बनी नालियां अधिक भार पड़ते ही क्षतिग्रस्त हो सकती हैं, जिससे लोगों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ सकती है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य की निगरानी के लिए नियुक्त सब-इंजीनियर और अन्य जिम्मेदार अधिकारी मौके पर गुणवत्ता की जांच करने के बजाय पूरे मामले में चुप्पी साधे हुए हैं। उनका कहना है कि अधिकारियों की खामोशी से मिलीभगत की आशंका और गहरा रही है।

इस संबंध में जब प्रदेश के राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य की निगरानी और कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारी नियुक्त हैं तथा आवश्यक कार्रवाई वही करेंगे। हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई तो करोड़ों रुपये की लागत से बन रही सड़क और नालियों की गुणवत्ता पर हमेशा सवाल उठते रहेंगे।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से पूरे निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय तकनीकी जांच कराने तथा दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### घर में आग लगाकर और फांसी लगाकर नाबालिग ने की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

छतरपुर। जिले की महाराजपुर तहसील अंतर्गत नौगांव जनपद पंचायत के ग्राम बड़े गणेशपुरा में एक 17 वर्षीय नाबालिग युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर के भीतर आग लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है। सूचना मिलने पर गढ़ीमलहरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए महाराजपुर भेज दिया। जानकारी के अनुसार, मृतका मोनिका यादव 17 वर्ष पिता रामअवतार यादव, निवासी ग्राम बड़े गणेशपुरा, बुधवार रात घर में आयोजित एक पारिवारिक कार्यक्रम के बाद अपने कमरे में सोने चली गई थी। गुरुवार सुबह जब परिजनों ने उसके कमरे से धुआं निकलते देखा तो दरवाजा खोलकर अंदर पहुंचे। वहां का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। कमरे के भीतर मोनिका जली हुई अवस्था में मृत मिली।घटना की सूचना परिजनों ने तत्काल गढ़ीमलहरा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए महाराजपुर पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि युवती ने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया। पुलिस परिजनों एवं अन्य लोगों के बयान दर्ज कर मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## विश्व शांति, क्षमा एवं प्रेम यात्रा के अंतर्गत यूरोप के अनेक देशों में श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया गया गुरु पूर्णिमा महापर्व

छतरपुर।

**श्री मतंगेश्वर सेवा समिति एवं दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर के प्रमुख पंडित सुधीर शर्मा के नेतृत्व में संचालित विश्व शांति, क्षमा एवं प्रेम यात्रा के अंतर्गत यूरोप के अनेक देशों में गुरु पूर्णिमा महापर्व श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ मनाया गया। तीन दिवसीय इस आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन ने भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा, सनातन संस्कृति तथा वसुधैव कुटुम्बकम् के संदेश को पूरे यूरोप में सशक्त रूप से प्रसारित किया।**




कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक विधि-विधान के साथ भगवान शिव के पूजन, रुद्राभिषेक तथा दद्दा जी की परंपरा के अनुरूप आटे से असंख्य शिवलिंगों के निर्माण एवं पूजन के साथ हुआ। इसके पश्चात भजन-कीर्तन, ध्यान, आध्यात्मिक प्रवचन एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो गया। यूरोप के सुप्रसिद्ध लोक कलाकार रईश भारती एवं उनके राजस्थानी लोक संगीत दल ने राजस्थानी तथा बुंदेलखंडी लोक संस्कृति की मनमोहक प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया। भजनों एवं लोकगीतों के माध्यम से भारतीय संस्कृति की अनुपम छटा बिखरी और उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। फ्रांस की सांस्कृतिक नगरी लीमो में सभी संतों एवं गुरुओं के सम्मान में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह तीन दिवसीय आयोजन विश्व के शांतिप्रिय देश अंदोरा, दक्षिण फ्रांस, स्पेन के बार्सिलोना तथा इटली के वेनिस क्षेत्र के प्रसिद्ध समुद्री नगर काउरले में भी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरु श्री पंडित देवप्रभाकर शास्त्री जी (दद्दा जी), आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज, गुरु श्री धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी (बागेश्वर धाम), गुरु श्री मन्नत महाराज जी, भगवान ओशो रजनीश, गुरु पादरे पिऊ जी (इटली) तथा गुरु श्री बुधान जी महाराज सहित अनेक पूज्य गुरुओं का श्रद्धापूर्वक पूजन एवं वंदन किया गया। इस अवसर पर इंजीनियर सुरेंद्र गुप्ता ने सभी गुरुओं के जीवन-दर्शन, उनके आदर्शों तथा मानव कल्याण के लिए दिए गए संदेशों पर प्रकाश डालते हुए गुरु परंपरा के महत्व का विस्तृत वर्णन किया। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में पंडित शर्मा ने कहा, गुरु भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं। गुरु ही मनुष्य को अज्ञान के अंधकार से निकालकर ज्ञान, सेवा, करुणा और आत्मबोध के प्रकाश की ओर ले जाते हैं। आज विश्व को शांति, प्रेम, क्षमा और मानवीय मूल्यों की सबसे अधिक आवश्यकता है। गुरु परंपरा ही इन मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। विश्व शांति, क्षमा एवं प्रेम यात्रा का उद्देश्य सम्पूर्ण मानवता को एक परिवार मानते हुए प्रेम, सद्भाव, सह-अस्तित्व और आध्यात्मिक चेतना का संदेश विश्वभर में पहुँचाना है। जब तक मानव के भीतर गुरु के प्रति श्रद्धा और संस्कार जीवित रहेंगे, तब तक विश्व में शांति, सद्भाव और मानवता का प्रकाश बना रहेगा।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मैक्सिको से पधारे हरे रामा हरे कृष्णा (इस्कॉन) समूह के भक्ति सागर जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजन की सफलता में योगी जान लूका, डॉ. बारबरा, योग शिक्षिका केथी जी तथा मणिपुर की सुप्रसिद्ध संगीत कलाकार वोनी जी का विशेष सहयोग रहा।

